>

Title: Need to complete the construction work on Mumbai-Pune Section of National Highway No. 4 (Mumbai-Pune) and stop collection of toll tax on the National Highway till the work on the section is completed.

श्री गजानन ध. बाबर (मावल): मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान मुम्बई-पूना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 4 की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं।

मुम्बई-पूना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 4 पर सरकार द्वारा ठेकेदार को राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु काम दिया गया था, परंतु ठेकेदार द्वारा राजमार्ग निर्माण का काम पूरा नहीं किया गया और संबंधित विभाग द्वारा ठेकेदारों को राजमार्ग पर टोल टैक्स लेने की अनुमति प्रदान कर दी गई जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अभी भी 157 करोड़ रूपए से अधिक का काम बाकी है। महोदया, यह काम राजमार्ग के बीच-बीच में अधूरा करके छोड़ दिया गया है और काम पूरा करे बिना ही टोल टैक्स वसूला जा रहा है, जिसके कारण लोगों को असुविधा हो रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि उक्त विषय की जांच करके बचे हुए काम को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दें तथा काम पूरा होने तक राजमार्ग पर टोल टैक्स लेना बंद करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग को देने का कष्ट करें।